1/1263953/2026

2608
25/8/26

संचालनालय
किसान कल्याण तथा कृषि विकास
मध्य प्रदेश भोपाल

क्रं/NFSNM/Pulse mission/2026-27/५०८ भोपाल, दिनांक २५/2026

प्रति,

संचालक
म0प्र0 कृषि अभियांत्रिकी,
भोपाल।

विषयः- दलहनों में आत्मनिर्भरता मिशन अंतर्गत 55 प्रोसेसिंग यूनिट्स की स्थापना हेतु आवेदन आमंत्रण सूचना (वर्ष 2026-27) में निर्धारित तिथियों के संशोधन के संबंध में।
संदर्भः- संचालनालयीन पत्र क्रमांक/NFSM/Pulse Mission/234, दिनांक 10.07.2026।

उपरोक्त विषयांतर्गत संदर्भित पत्र के माध्यम से दलहनों में आत्मनिर्भरता मिशन अंतर्गत प्रदेश के चयनित जिलों में कुल 55 प्रोसेसिंग यूनिट्स की स्थापना हेतु आवेदन आमंत्रित करने संबंधी सूचना (वर्ष 2026-27) (विस्तृत) ई-कृषि यंत्र अनुदान पोर्टल पर आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित की गई थी।

उक्त आवेदन आमंत्रण सूचना (वर्ष 2026-27) (विस्तृत) के बिंदु क्रमांक-9 में अभिलेखों के सत्यापन हेतु निर्धारित दिनांक 20-21 अगस्त, 2026 त्रुटिवश अंकित हो गई है। अतः उक्त तिथि के स्थान पर दिनांक 04-05 सितम्बर, 2026 पढ़ा जावे।

इसी प्रकार, आमंत्रण सूचना के बिंदु क्रमांक-12 में जिले में लॉटरी के माध्यम से चयनित एवं उचित पाए गए आवेदकों हेतु उपसंचालक, कृषि के कार्यालय में प्रोजेक्ट निर्धारण संबंधी एक दिवसीय मार्गदर्शी शिविर के आयोजन हेतु निर्धारित दिनांक 25 अगस्त, 2026 त्रुटिवश अंकित हो गई है। अतः उक्त तिथि के स्थान पर दिनांक 07 सितम्बर, 2026 पढ़ा जावे। साथ ही बिन्दु क्रमांक-11 में उल्लेखित लॉटरी संबंधी कार्य संचालनालय, कृषि अभियांत्रिकी, भोपाल द्वारा किया जावेगा।

अतः उपर्युक्तानुसार आवेदन आमंत्रण सूचना (वर्ष 2026-27) (विस्तृत) के बिंदु क्रमांक-9 एवं 12 में उल्लिखित तिथियों को संशोधित मानते हुए, ई-कृषि यंत्र अनुदान पोर्टल टीम एवं संबंधितों को उक्त संशोधनों से अवगत कराने की कार्यवाही की जाना सुनिश्चित करें।

त.क.
Abr

संलग्नः- उपरोक्तानुसार

Digitally signed by
Umashankar Bhargav
Date: 24-08-2026
18:41:45

संचालक
किसान कल्याण तथा कृषि विकास
मध्यप्रदेश भोपाल

क्रं/NFSNM/Pulse mission/2026-27/ ५०९ भोपाल, दिनांक २५/2026

1. निज सहायक, सचिव, म0प्र0 शासन, किसान कल्याण तथा कृषि विकास विभाग, मंत्रालय, भोपाल।
2. कलेक्टर, जिला ........... (समस्त) म0प्र0।
3. संयुक्त संचालक, किसान कल्याण तथा कृषि विकास, संभाग- ......(समस्त) म0प्र0।
4. उप संचालक, किसान कल्याण तथा कृषि विकास, जिला- .............(समस्त) म0प्र0।

संचालक
किसान कल्याण तथा कृषि विकास
मध्यप्रदेश भोपाल